पत्रांक 19/ए 3 –32/2025
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक- 10/03/ 2026

विषय :– हरि नारायण साह भूनेश्वर जनता कॉलेज, धनसोई, बक्सर को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पत्रांक C/353/Estab/2025 दिनांक 11.03.2025 द्वारा हरि नारायण साह भूनेश्वर जनता कॉलेज, धनसोई, बक्सर को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2025–29 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

सम्यक समीक्षोपरान्त पाया गया कि प्रश्नगत महाविद्यालय प्रस्ताव के साथ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख/साक्ष्यों में परिनियमानुसार आधारभूत संरचना अंतर्गत वर्ग संचालन हेतु शिक्षकों की संख्या एंव प्रयोगशाला में आधारभूत संरचना की पूर्ति नहीं किये जाने के कारण शैक्षणिक सत्र 2025–29 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर अस्वीकृति संसूचित की जाती है।

2. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री महोदय का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–19/ए 3–32/2025 -463 पटना, दिनांक– 10/03/2026

प्रतिलिपिः– उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, हरि नारायण साह भूनेश्वर जनता कॉलेज, धनसोई, बक्सर एवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के उप सचिव